...ख्या ...तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित

न्यायालय अपर समाहर्त्ता, गढ़वा

भूमि बिक्री अनुमति वाद सं०–107 / 2021

सी०एन०टी० एक्ट की धारा–46(1)(B) अंतर्गत

श्री विश्वनाथ राम – विक्रेता

प्रति

श्रीमती सुषमा देवी – क्रेता

आदेश

अभिलेख उपस्थापित। आवेदक (विक्रेता) श्री विश्वनाथ राम, पिता स्व० जगेश्वर राम, ग्राम+पोस्ट–नगर उँटारी, जिला–गढ़वा में मौजा–नगर उँटारी, थाना नं०–31 के अन्दर खाता सं० पुराना–1, नया–293, प्लॉट सं० पुराना–152, नया–249, **कुल रकबा–0.03 एकड़** भूमि क्रेता श्रीमती सुषमा देवी, पति श्री अरूण कुमार, ग्राम+पोस्ट–नगर उँटारी, थाना–नगर उँटारी, जिला–गढ़वा को भूमि बिक्री करने की माँग की गई है। इस संबंध मे छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम के धारा–46(1)(B) के अन्तर्गत इस न्यायालय से उपरोक्त खाता–प्लॉट की भूमि हेतु आम सूचना निर्गत किया गया तथा अंचल अधिकारी, नगर उँटारी से प्राप्त हुआ है। विक्रेता के द्वारा भी इस संबंध में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया। दस्तावेज के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि आवेदित भूमि आवेदक (विक्रेता) के स्वयं के नाम से मांग पंजी–II के पृष्ट सं०–283 / 1 पर मांग चलता है। उपर्युक्त भूमि आवेदक (विक्रेता) के शांतिपूर्ण दखल–कब्जे में है।

अंचल अधिकारी, नगर उँटारी के पत्रांक–843, दिनांक–29.12.2021 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन एवं आम सूचना प्राप्त हुआ है। विक्रेता के द्वारा प्रस्तुत कागजातों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि इस भूमि को बिक्री करने के संबंध मे किसी को किसी प्रकार का आपत्ति प्राप्त नही हुआ है। जाँच प्रतिवेदन से स्पष्ट होता है कि आवेदक (विक्रेता) एवं क्रेता दोनो एक ही जिला के निवासी है। विक्रेता जाति के चन्द्रवंशी कहांर (पिछड़ा वर्ग) एवं क्रेता जाति के चन्द्रवंशी कहांर (पिछड़ा वर्ग) के सदस्य है। उक्त भूमि रैयती खाते की भूमि है।

अतः अंचल अधिकारी, नगर उँटारी के अनुशंसा के आलोक में आवेदक (विक्रेता) श्री विश्वनाथ राम, पिता स्व० जगेश्वर राम, ग्राम+पोस्ट–नगर उँटारी, जिला–गढ़वा को क्रेता श्रीमती सुषमा देवी, पति श्री अरूण कुमार, ग्राम+पोस्ट–नगर उँटारी, थाना–नगर उँटारी, जिला–गढ़वा को निम्नांकित भूमि बिक्री करने हेतु छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा–46(1)(B) के अन्तर्गत बिक्री द्वारा हस्तान्तरण करने की स्वीकृति दी जाती है।

भूमि का विवरण

ग्राम	थाना सं0	खाता सं0	प्लॉट सं0	रकबा (एकड़ में)	चौहदी
1	2	3	4	5	6
नगर उँटारी	31	पुराना–1, नया–293	पुराना–152, नया–249	0.03	उ०–नीज विक्रेता, द०–रास्ता, पू०–नीज विक्रेता, प०–सरीता चन्द्रवंशी
			कुल रकबा :–	**0.03**	

आदेश की प्रति आवश्यक कार्रवाई हेतु अवर निबंधक, श्री बंशीधर नगर को भेजें।

लेखापित एवं संशोधित

(हस्ताक्षर) 20/01/22

अपर समाहर्त्ता,
गढ़वा।

(हस्ताक्षर) 20/01/22

अपर समाहर्त्ता,
गढ़वा।

Digitally signed by Pankaj Kumar Singh
Date: 2022.12.05 16:11:41 +05:30
Location: 192.168.36.160

Scanned with CamScanner